पिहू, आर्या, पुष्पांजलि और श्रेया ने घर पर तैयार की इको-फ्रेंडली प्रतिमा, प्रकृति से जुड़ने किया प्रेरित

# सिहोरा: 4 बहनों की अनूठी पहल, मिट्टी से गढ़े बाल गणेश, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सिहोरा / राज न्यूज नेटवर्क





गणेश उत्सव पर सिहोरा में चार बहनों ने पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की है। पिहू यादव, आर्या यादव, पुष्पांजलि यादव और श्रेया यादव ने मिलकर घर पर मिट्टी से बाल गणेश की सुंदर प्रतिमा तैयार की है। चारों बहनों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वे घर के आंगन में बैठकर प्रतिमा तैयार कर रही थीं। इसमें मिट्टी के साथ प्राकृतिक रंगों और गाय के गोबर के लेप का इस्तेमाल किया गया है।

प्रतिमा के कानों पर शांति और मंगल के प्रतीक ओम को भी उकेरा गया है। पिहू ने बताया कि उन्होंने इस बार पीओपी की प्रतिमा नहीं लेने का निर्णय किया था। इसके बजाय पूरी तरह मिट्टी की प्रतिमा बनाई, ताकि विसर्जन के दौरान जल प्रदूषित न हो। स्थानीय लोगों ने चारों बहनों की इस पहल की सराहना की है। गणेश उत्सव समिति के सदस्य राजेश यादव ने कहा कि युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का यह संदेश प्रेरणादायी है। इससे अन्य बच्चे भी प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

## उमरिया, कुड़ारी, टिकरा पड़वार और डूड़ी में महिलाओं ने किया शिव-पार्वती का पूजन



**बरगी।** हरतालिका तीज के पावन अवसर पर क्षेत्र के गांव उमरिया, कुड़ारी, टिकरा पड़वार और डूड़ी में पारंपरिक उल्लास के साथ पूजन-अर्चन किया गया। गांवों में परंपरा के अनुसार फुलारा बांधा गया और चंदोवा-बार सजाकर मंडप तैयार किया गया। यहां महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया। देर रात तक महिलाओं ने जागरण कर भजन-कीर्तन किया। पूजन कार्यक्रम में प्रमोद, मुकेश, योगेश, संतोष, नीलम झारिया, राधा, वर्षा, पार्वती, हेमलता, मोहानी, विशाखा, प्रीति, आरती, दीपा, सुमन, शिवानी, साक्षी, शिखा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पंडित नीतेश उपाध्याय ने विधिवत पूजन-पाठ संपन्न कराया।

**पाटन में निर्जला व्रत रहीं महिलाएं:** पाटन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस बार तीज और गणेश चौथ एक ही दिन पड़ने से महिलाओं में दोहरा उत्साह नजर आया। नगर और गांवों में सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने पति की दीर्घायु और मनवांछित वर की प्राप्ति के लिए निर्जला व्रत रखा। घर-घर रंग-बिरंगे फुलेरा बांधे गए और चंदोवा सजाकर भगवान शिव, माता पार्वती का पूजन किया गया।



## फुलेरा बांधकर किया भोलेनाथ का पूजन

**सिहोरा।** अखंड सौभाग्य और परिवार में सुख-शांति की कामना से सुहागिन महिलाओं ने हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। वहीं कुंवारी कन्याओं ने मनचाहा वर पाने के लिए दिनभर उपवास किया। कई घरों में इसी दिन भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना भी की गई। हरतालिका तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहा। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर घरों में फुलेरा बांधा। इसके बाद भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजन किया। कथा सुनी गई। रातभर व्रती महिलाओं और कन्याओं ने रतजगा कर भजन-कीर्तन किए। सुबह पुनः हवन-पूजन के बाद फुलेरा नदी में विसर्जित किया गया।

## बजरंगगढ़ में भक्तिमय हुआ माहौल

**पाटन।** ग्राम बजरंगगढ़ के सामुदायिक भवन में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान गणपति बप्पा की विधि-विधान से स्थापना की गई। इस बार भगवान गणेश अपने वाहन मूषक संग विराजे हैं। इससे पंडाल की शोभा और बढ़ गई है। गणेश चतुर्थी से अगले 10 दिनों तक बप्पा यहां विराजमान रहेंगे। प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। भक्त प्रेम सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अंशुल, माधव, रुद्र, कृष्ण, बलराम, मोक्ष, वेद प्रताप सहित समस्त ग्रामवासी प्रतिदिन गजानन जी की आरती और पूजा-अर्चना कर रहे हैं।



## गणेश चतुर्थी पर कटंगी में दिखा उत्साह

**कटंगी।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर कटंगी नगर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से नगर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न वार्डों में गणेश उत्सव समितियों ने भी भक्ति-भाव के साथ गजानन की स्थापना की। समितियों ने आकर्षक विद्युत सज्जा और सुंदर झांकियों से पंडाल सजाए हैं।



## साहित्यप्रेमियों ने महसूस की भाषा की मिठास

जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, साहित्य अकादमी एवं संस्कृति परिषद, भोपाल के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर श्रीजानकीरमण कॉलेज में व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन का आयोजन दो सत्रों में संपन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देना तथा साहित्य और कविता के माध्यम से जनमानस में हिंदी के प्रति अनुराग जागृत करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुआ। सरस्वती वंदना डॉ. उदय भानु तिवारी ने प्रस्तुत की. प्रथम सत्र में हिंदी व्याख्यानमाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने हिंदी साहित्य के साहित्यकारों का स्मरण करते हुए हिंदी के सुनहरे भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीजानकीरमण शासी निकाय के अध्यक्ष शरद चंद्र पालन ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता एड. संपूर्ण तिवारी ने हिंदी की विकास यात्रा का वर्णन करते हुए उसके वैज्ञानिक स्वरूप पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र का कुशल संचालन आशुतोष तिवारी ने किया।

## वैश्य महासम्मेलन ने किया फल वितरण और गौ-ग्रास कार्यक्रम



**पनागर।** वैश्य महासम्मेलन मप्र के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व. पदम मोदी जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर 1 बजे शासकीय चिकित्सालय पनागर में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इसके पश्चात मंगल भवन, नगर पालिका के सामने स्थित गौ रक्षा केंद्र में समस्त गौधन एवं अन्य मूक पशुओं को गौ-ग्रास कराया गया। इस अवसर पर मनीषा मोदी, पूर्व पार्षद ज्योति नायक, विमल जैन, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि श्रेयांश मोदी, शैलेंद्र साहू अध्यक्ष नगर मंडल भाजपा समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दूसरों में गुण खोजो, अवगुण नहीं : निर्दोष सागर



**पनागर।** श्री शांतिनाथ बड़े जैन मंदिर प्रांगण में परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि 108 निर्दोष सागर महाराज ने मांगलिक प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक विद्वान वही है जो दूसरों में गुणों को खोजता है, अवगुणों को नहीं।

मुनिश्री ने कहा कि मन में विचार आता है कि यह संसार क्या है, इसका स्वरूप क्या है, जिसमें अनंत प्राणी दुख पाते हैं, दुख का कारण क्या है? क्या यह हमारे ही क्रियाकलापों का फल है? साथ ही यह चिंतन भी होता है कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, कहां जाना है, मेरा स्वरूप क्या है? क्या इस संसार के जन्म-मरण का अंत हो सकता है? इन सब बातों को वही समझ सकता है जो संसार सागर से मुक्ति की राह खोजना चाहता है। उन्होंने कहा कि सबका जाना निश्चित है, लेकिन जाने से पहले चिंतन करना चाहिए कि इस संसार में आकर क्या किया, क्या पाया और क्या साथ लेकर जाएंगे। इसका उत्तर प्रत्येक प्राणी को स्वयं चिंतन कर खोजना होगा। इस अवसर पर नगर के श्रावक रवि वडकुल द्वारा लगातार 16 दिन के निर्जला उपवास की पारणा संपन्न हुई। साथ ही पूज्य मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज की आहारचर्या भी संपन्न हुई। मुनि निर्दोष सागर सहित पांच मुनिराजों के सानिध्य में 16 से 26 सितंबर तक 10 दिवसीय विशाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## 34 कनिष्ठ अभियंता बने सहा. अभियंता

**जबलपुर (आरएनएन)।** अभियंता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने अपने अभियंताओं के लिए महत्वपूर्ण पदोन्नति आदेश जारी कर खुशी का अवसर प्रदान किया है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के तहत 34 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत होने वाले अभियंताओं में संजय कुमार तिवारी, आशीष कुमार उपाध्याय, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, सुरेश धनुक, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, गणेश नहले , राजवीर सिंह, उदय कुमार, समरेश कुमार, अमित कुमार सिंह, विकास गोडुंडे, जितेंद्र कुमार केवड़े, चंदन कुमार, कृष्णकांत तिवारी, रवि शंकर तिवारी, जीतेश कुमार, मनीष कुमार मोर्य, लखन कुमार सोनी, विवेक नेमा, राजू पाण्डेय, अंकित शर्मा, रवि नंदन बाबू, अमरदीप सिंह परिहार, दीपेश नारायण सिंह, लालकृष्ण वैश्य , देवचंद सनोडिया, माता प्रसाद शाह, जितेंद्र कुमार मिश्रा, जितेंद्र सोनी, प्रवीण पटेल, समीशा बघेल, सुदेश कुमार नामदेव, विमल चंद्र मिश्रा एवं प्रदीप निरंजन शामिल हैं।

## पंडित रामगोपाल तिवारी का देवलोक गमन



**जबलपुर।** श्रीराम मंदिर, मढ़ाताल, विनीत टॉकीज निवासी पंडित रामगोपाल तिवारी (सुशील) का 61 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। वे पंडित अखिल तिवारी के चाचा एवं रोमिल तिवारी (विट्ठल) के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को उनके निवास स्थान से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुई, जहां अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। उठावना मंगलवार, 15 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे उनके निवास स्थान से होगा।



## मदन महल दरगाह में परचम कुशाई

**जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह में माह-ए-रबीउल आखिर की पहली तारीख पर सोमवार को परचम कुशाई की गई। बाद नमाज-ए-असर मुतवल्ली सैयद कादिर अली कादरी की कयादत में हुए कार्यक्रम में परचम कुशाई के बाद सलातो-सलाम और दुआ की गई। इसके बाद अकीदतमंदों में तबर्रुक तकसीम किया गया। आयोजन में सज्जादानशीन खलीफा इनायत कादरी ने बताया कि 17 सितंबर, गुरुवार को ग्यारहवीं शरीफ का पहला मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह पहुंचकर हाजिरी पेश करेंगे। कार्यक्रम में सज्जादानशीन सूफी मुबारक कादरी, निजाम कादरी, बासित कादरी, इनायत कादरी, आबिद कादरी, अब्बू बाबा कादरी, शराफत कादरी, आशु कादरी, जलील शाह और शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## अधारताल में रेलवे वायरिंग चोर गिरोह का पर्दाफाश

**जबलपुर।** अधारताल स्टेशन के यार्ड में खड़ी ट्रेनों को निशाना बनाकर अंडरगियर कॉपर वायरिंग काटने वाले गिरोह पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने स्टेबल कोचों के नीचे घुसकर वायरिंग काट रहे छह आरोपियों को मौके से रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ के बाद चोरी का माल खरीदने वाले दो कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में करीब 38,200 रुपए मूल्य की रेल संपत्ति बरामद हुई है। रेलवे की संवेदनशील वायरिंग चोरी होने से न केवल रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा था, बल्कि इससे रेल परिचालन की सुरक्षा पर भी गंभीर असर पड़ने की आशंका थी। आरपीएफ की इस कार्रवाई ने ऐसे गिरोह की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरपीएफ पोस्ट जबलपुर की विशेष टीम अधारताल क्षेत्र में गश्त और निगरानी कर रही थी। इसी दौरान जवानों की नजर स्टेबल ट्रेनों के नीचे संदिग्ध गतिविधियों पर पड़ी।

## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस को 1.60 लाख लौटाने का आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस को परिवादी से अतिरिक्त रूप से वसूले गए 1.60 लाख रुपए वापस करने का आदेश दिया है। आयोग ने इस राशि पर 15 दिसंबर 2022 से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के साथ मानसिक कष्ट के लिए 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में अदा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव, सदस्य अमित सिंह तिवारी और सोनल पंडिल ने धनवंतरी नगर निवासी निम्मा प्रसाद वंशकार के परिवाद पर यह आदेश पारित किया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता गौरव मिश्रा ने बताया कि निम्मा प्रसाद ने अप्रैल 2010 में एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से आठ लाख रुपये का ऋण लिया था। ऋण की 120 किश्तें नियमित रूप से जमा करने के बाद भी उनसे 1.60 लाख की अतिरिक्त राशि वसूल की गई।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिवनी एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति, सिवनी**

E-mail- eeresseoni@mp.gov.in.eeresseoni@rediffmail.com.

क्र. 1269 / निविदा/ग्रा.यां.से./2026-27 सिवनी दिनांक 10/9/26

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02/2026-27**

जिला वॉश तकनीकी समिति, सिवनी द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन-संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 की कंडिका 12 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख-रखाव एवं स्त्रोत तथा पाईप लाईन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिये पात्र आवेदकों से निर्धारित समयसीमा अनुसार ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | जिले का नाम | जिले में जनपद पंचायतों की संख्या व नाम | सूचीबद्धता शुल्क (रु.) | निविदा दस्तावेज शुल्क (रु.) | सूचीबद्धता की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_RES 535199 | सिवनी | 08 सिवनी, लखनादौन, बरघाट, केवलारी, घंसौर, धनौरा, कुरई एवं छपारा | 50,000 | 1,000 | 24 माह |

कण्डिका (1) निविदा संबंधी समयसारणी :-

| क्र. | विवरण | प्रारंभ का दिनांक/समय | अंतिम दिनांक/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा क्रय करने की तिथि | 19.09.2026, 10.00 AM | 02.10.2026, 5.30 PM |
| 2 | निविदा संबंधी दस्तावेज ऑनलाईन जमा की प्रारंभिक तिथि | 19.09.2026, 10.05 AM | 02.10.2026, 5.30 PM |
| 3 | निविदा संबंधी तकनीकी दस्तावेज का परीक्षण की तिथि | 05.10.2026, 11.00 AM | |

तकनीकी प्रस्ताव दिनांक 05.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से इस कार्यालय में खोले जावेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न कर निर्धारित समय-सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगा। ई-निविदा जारी होने के बाद अगर निविदा में कोई संशोधन किया जाता है, तो प्रेस विज्ञप्ति जारी नही की जावेगी, संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिवनी एवं
सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति
जिला-सिवनी

G-18629/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय, 1227,शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) Email - cs8243@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय - 06.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकाल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा )। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 06.10.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक**

**निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे**

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा: व्हीकल फैक्ट्री, जबलपुर (म.प्र.)** (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) 1. श्रीमती विनीता पंत पति श्री मुनीश पंत, पता 1: 1935, डिफेंस कॉलोनी, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, पता 2: प्लॉट नंबर 61, घाना मेन रोड के पास, तहसील पनागर, जबलपुर (म.प्र.) - 482005, पता 3 : सी/ओ पायस हेल्थकेयर, वार्ड नं.73, करमेता, जबलपुर, (म.प्र.) - 482002- (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) 2. श्री मुनीश पंत पिता श्री मोहन चंद्र पंत, पता 1: 1935, डिफेंस कॉलोनी, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, पता 2: प्लॉट नंबर 61, घाना मेन रोड के पास, पनागर, जबलपुर (म.प्र.) - 482005, पता 3 : सी/ओ पायस हेल्थकेयर, वार्ड नं.73, करमेता, जबलपुर, (म.प्र.) - 482002, खाता संख्या : 324300NC00011276 | अचल संपत्ति के समस्त भू-भाग, अंश व निर्माण सहित प्लॉट नंबर 61, खसरा नंबर 282/2 के भाग पर निजी ले-आउट पर डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 281/2 (रकवा 0.091 हेक्टेयर), खसरा नं. 280/2/5, (रकवा 0.112 हेक्टेयर) एवं खसरा नंबर 282/2 (रकवा 0.112 हेक्टेयर) अर्थात कुल रकवा 0.315 हेक्टेयर, जिसमें से बंधक क्षेत्रफल 20 फीट X 45 फीट = 900 वर्ग फीट (83.64 वर्ग मीटर), मौजा घाना, पटवारी हल्का नंबर 43 (घाना), तहसील पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.), दिनांक 27.12.2021 के पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार, चतुर्सीमाः उत्तर: सड़क, दक्षिण: करमीत जी की संपत्ति, पूर्वः प्लॉट नंबर 62, पश्चिम: प्लॉट नंबर 60, मालिक एवं बंधककर्ता- श्रीमती विनीता पंत पति श्री मुनीश, पंत और श्री मुनीश पंत पिता श्री मोहन चंद्र पंत, नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB3243000010 | अ) 12.04.2023 ब) 20.12.2024 स) भौतिक आधिपत्य द) रू. 23,61,215.40 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 21,56,000.00 ब) 2,15,600.00 स) 06.10.2026 द) 10,000.00 |
| **2. शाखा : जवाहरगंज जबलपुर (म.प्र.)** 1.(उधारकर्ता) मेसर्स जे.एम.बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स पार्टनर श्रीमती रुचि तिवारी एवं श्री नितिन तिवारी, पता: 01, कुमार कॉम्प्लेक्स, गोरखपुर मेन रोड़, कटंगा क्रॉसिंग के पास, जबलपुर (म.प्र.) - 482001 2.(पार्टनर, जमानतदार और बंधककर्ता) श्री नितिन तिवारी पिता श्री जे.एम. तिवारी, पता: मकान नं. 1568-69, यादव कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482001, 3.(पार्टनर, जमानतदार और बंधककर्ता) श्रीमती रुचि तिवारी पति श्री नितिन तिवारी, पता: मकान नं. 1568-69, यादव कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482001, खाता संख्या : 0217009300073183, DRT SA No. 340/2025 | खसरा नं. 83/1 के भाग पर निर्मित तीन मंजिला आवासीय भवन का समस्त भू-भाग व अंश, क्षेत्रफल 3110.82 वर्ग फीट, (289.11 वर्ग मीटर) मौजा कुंगवा में स्थित, ओजस होम्स , एन.बी.99, पीएच.नं.34, आरएनएम जबलपुर-2, नया वार्ड नं.71, तहसील और जिला जबलपुर (म.प्र.), चतुर्सीमा: उत्तर: रोड़, दक्षिण: नालंदा स्कूल की खुली भूमि, पूर्व : श्री नेमा जी का मकान, पश्चिम: सीमा दीवार/खुली भूमि, मलिक और बंधककर्ता : मेसर्स जे.एम.बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स तर्फे पार्टनर श्रीमती रुचि तिवारी और श्री नितिन तिवारी, नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB0217191224, DRT SA No. 340/2025 | अ) 22.07.2024 ब) 27.09.2024 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 47,04,596.22 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 93,98,700.00 ब) 9,39,870.00 स) 06.10.2026 द) 10,000.00 |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्तें :** (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपत्तियों की बिक्री ''जो है, ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.pnbindia.in, https://baanknet.com पर विजिट करें ।

स्थानः जबलपुर, दिनांक 15.09.2026 पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी

विशाल इनामी दंगल में हुईं कुश्तियां, हजारों दर्शकों ने लिया रोमांच का आनंद

# बरगी में वर्षों बाद गूंजी अखाड़े की थाप

बरगी / राज न्यूज नेटवर्क





बरगी के इंद्रा नगर मगसी स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप के पीछे छोटे महावीर नर्मदा परिवार समिति के तत्वावधान में विशाल इनामी दंगल आयोजित किया गया। कई वर्षों बाद हुए दंगल से क्षेत्र में एक बार फिर अखाड़े की रौनक लौट आई। कुश्ती देखने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। दंगल में ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, सिवनी, मंडला, धूमा, पनागर, पाटन, बगराए, भेड़ाघाट, ग्वारीघाट और जबलपुर के नामी पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। ग्रामीण क्षेत्रों गजना, तिन्सा, रेंगझोरी, परासिया, तेतीगन, जमुनिया और छपरा के पहलवानों ने भी अखाड़े में दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन समिति ने हनुमान जी के पूजन, ध्वजारोहण और अखाड़े की पूजा के साथ किया।

**अतिथियों का हुआ स्वागत:** कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय यादव, लक्ष्मीकांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जनपद अध्यक्ष चंद्रकिरण दयानंद गिरी, जनपद सदस्य नारायण केवट, दिनेश मार्शकोले, मुन्ना यादव, मोहन यादव मंगेली, बबलू राजपूत, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार सैयाम, चमन राय, सुखराम यादव, मिलन सोनी, रामजी पटेल, संजय जैन बल्ला, सत्तू जायसवाल, सरपंच झिरी अजय पटेल, सुरेश मरकाम, हर्ष जायसवाल, गोविंद पटेल और संदीप माली मौजूद रहे। समिति के सदस्य दिलीप झरिया, दीपू चौरसिया, राहुल अग्रवाल, लखन पंडा, रामजी यादव, राजा खरे, सुमित पोर्टे, राजा चौधरी, शिब्बू महाराज, रम्मू यादव, शानू यादव और पंकज परस्ते ने अतिथियों का माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पत्रकार मनीष तिवारी, पुरुषोत्तम श्रीवास, सोनू पटेल और अभिषेक जैन का भी सम्मान किया गया।

**सीनियर में चंदन और जूनियर में सौरभ विजेता:** दंगल के निर्णायक नरेंद्र पहलवान ग्वारीघाट, रवि पहलवान, मनोहर पहलवान रेंगझोरी, मुकानवारा, गुड्डू श्रीपाल बरगी, विनोद पहलवान और खलीफा कुम्मा पहलवान रहे। पूरे दंगल में करीब 80 कुश्तियां हुईं। सीनियर वर्ग में चंदन पांडे चैंपियन बने, जबकि जूनियर वर्ग में सौरभ यादव मंगेली विजेता घोषित किए गए।